प्रलिम्सि फैक्ट्स: 27 अगस्त, 2021

- समृद्ध कार्यक्रम
- काजिंद-21
- हैकथॉन मंथन 2021

समृद्ध कार्यक्रम

SAMRIDH Programme

हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने 'उत्पाद, नवाचार विकास और वृद्धि (समृद्ध) के लिये MeitY के स्टार्टअप एक्सीलेरेटर (समृद्ध) कार्यक्रम को लॉन्च किया है।

प्रमुख बिंदु

- **कार्यक्रम के बारे में:**
  - अपने उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ाने हेतु सुरक्षित निवेश के लिये भारतीय सॉफ्टवेयर उत्पाद स्टार्टअप को एक अनुकूल मंच बनाना।
  - यह कार्यक्रम अगले तीन वर्षों में ग्राहक संपर्क, निवेशक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय पहुँच प्रदान करके 300 स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
  - स्टार्टअप के मौजूदा मूल्यांकन व विकास चरण के आधार पर स्टार्टअप में 40 लाख रुपए तक का निवेश चयनित एक्सीलेरेटरों के माध्यम से किया जाएगा।
  - कार्यक्रम का क्रियान्वयन MeitY स्टार्टअप हब (MSH) द्वारा किया जा रहा है।
    - MSH एक राष्ट्रीय समन्वय, सुविधा और निगरानी केंद्र के रूप में कार्य करता है जो MeitY के सभी इन्क्यूबेशन केंद्रों, स्टार्टअप और नवाचार संबंधी गतिविधियों को एकीकृत करेगा।
  - इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप के विकास को आगे बढ़ाना है, जिसमें 63 यूनिकॉर्न सामने आए हैं, जो अब 168 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न हब है।
    - "यूनिकॉर्न" एक शब्द है जिसका उपयोग उद्यम पूंजी उद्योग में निजी तौर पर आयोजित स्टार्टअप कंपनी का वर्णन करने हेतु किया जाता है, जिसका मूल्य 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होता है।
- **अन्य संबंधित पहलें:**
  - स्टार्टअप इंडिया फंड योजना
  - स्टार्टअप सेल
  - राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद
  - एआईएम-आईसीआरईएसटी (AIM-iCREST)

काजिंद-21

KAZIND-21

भारत-कज़ाखस्तान संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास का 5वाँ संस्करण, 'काजिंद-21' (KAZIND-21) कज़ाखस्तान में आयोजित किया जाएगा।

//

प्रमुख बिंदु

- **काजिंद-21 के बारे में:**
    - यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के मध्य एक संयुक्त प्रशिक्षण है।
    - संयुक्त अभ्यास के दायरे में पेशेवर आदान-प्रदान, काउंटर इंसर्जेंसी / काउंटर टेररिज़्म ऑपरेशन आदि के अनुभवों को साझा करना शामिल है।
- **संयुक्त सैन्य अभ्यास:** प्रबल दोस्तिक।
- **कज़ाखस्तान का महत्त्व:**
    - पहला, इसकी भू-रणनीतिक स्थिति और दूसरा, इसकी आर्थिक क्षमता, विशेष रूप से ऊर्जा संसाधनों के संदर्भ में तथा तीसरा, इसकी बहु-जातीय एवं धर्मनिरपेक्ष संरचना है।
        - कज़ाखस्तान मध्य एशिया में सबसे अधिक संसाधन संपन्न देश है और भारत का सबसे बड़ा व्यापार एवं निवेश भागीदार है।
    - भारत और कज़ाखस्तान एशिया में कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेजर्स ((CICA), **शंघाई सहयोग संगठन** (SCO) और **संयुक्त राष्ट्र** (UN) संगठनों सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों के तत्त्वावधान में सक्रिय रूप से एक-दूसरे का सहयोग करते हैं।

हैकथॉन मंथन 2021

Hackathon Manthan 2021

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (BPR&D), **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद** (AICTE) के समन्वय में एक ऑनलाइन हैकथॉन **"मंथन 2021" (Manthan 2021)** की शुरुआत करेगा।

प्रमुख बिंदु:

- **संदर्भ:**
    - **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य खुफिया एजेंसियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिये नवीन अवधारणाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करना है।
    - **प्रतिभागी:** देश भर के शिक्षा संस्थानों से चयनित युवा और पंजीकृत स्टार्टअप।
- **शामिल संगठन:**
    - **BPR&D** की स्थापना पुलिस बल के आधुनिकीकरण के प्राथमिक उद्देश्य के साथ वर्ष 1970 के दशक में गृह मंत्रालय के तहत की गई थी। यह **जेल सुधारों** के कार्यान्वयन को भी सुनिश्चित करता है।
    - AICTE तकनीकी शिक्षा के लिये उपलब्ध सुविधाओं पर सर्वेक्षण करने और समन्वित तथा एकीकृत तरीके से देश में विकास को बढ़ावा देने के लिये एक राष्ट्रीय स्तर का शीर्ष सलाहकार निकाय है।
- **अन्य हैकथॉन:**
    - वर्चुअल एग्री-हैकथॉन 2020
    - ड्रग डिस्कवरी हैकथॉन 2020
    - सीसीटीएनएस हैकथॉन और साइबर चैलेंज
    - भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकॉनमी हैकाथॉन

- 5जी हैकथॉन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-27-august-2021